दिनांक 05.07.2024 समय: 2.10 PM

आकाशवाणी से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की 8 और 9 तारीख को रूस की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। श्री मोदी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर, 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मास्को जाएंगे। दोनों नेताओं का परस्पर हित के समसामयिक क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा का कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री मोदी 9 जुलाई से दो दिन की ऑस्ट्रिया यात्रा पर रहेंगे। पिछले 41 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ऑस्ट्रिया की यह पहली यात्रा होगी।

लाड़ली बहना योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज लाड़ली बहना योजना की माह जुलाई की राशि जारी करेंगे। मुख्यमंत्री टीकमगढ़ जिले के ग्राम छिपरी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से लाड़ली बहनों के खातों में राशि जारी करेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के एलपीजी गैस कनेक्शन धारी उपभोक्ताओं तथा गैर पीएम उज्जवला योजना श्रेणी में लाड़ली बहना योजना के हितग्राहियों को इस साल मार्च के लिए देय गैस रिफिल अनुदान राशि भी जारी करेंगी । वे शारदा पहाडी पर नवनिर्मित करीब 61 फीट ऊंची सदाशिव प्रतिमा का लोकार्पण भी करेंगे।

एन.सी.ई.आर.इ.टी. पाठ्यपुस्तक

शैक्षणिक वर्ष 2024-25 से कक्षा तीन और छह के लिए नई और आकर्षक पाठ्यपुस्तकें लाई जाएंगी। शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि पाठ्यपुस्तकों की तैयारी का कार्य अंतिम चरण में है और कक्षा तीन और छह की नौ पाठ्यपुस्तकें पहले से ही उपलब्ध हैं। शेष आठ पुस्तकें बहुत जल्द उपलब्ध होंगी। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने नई दिल्ली में विद्यालयी शिक्षा और साक्षरता सचिव, एन.सी.ई.आर.टी. के निदेशक और केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष के साथ राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद- एन.सी.ई.आर.टी. की पुस्तकों की तैयारी में हुई प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

आकांक्षी संपूर्णता अभियान

मुरैना के दूरस्थ अंचल में बसे ग्रामीणों को स्वास्थ्य, पोषण, रोजगार एवं कृषि से संबंधित पूर्ण सुविधायें प्रदान करने के लिये आकांक्षी संपूर्णता अभियान का शुभारंभ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुरैना डा. इच्छित गढपाले द्वारा किया गया। आकांक्षी विकास खण्ड पहाडग़ढ़ में यह अभियान 30 सितंबर तक संचालित किया जायेगा। अभियान के शुभारंभ के दौरान महिला बाल विकास कार्यकर्ताओं, स्व-सहायता समूहों के सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा लोकगीत, नुक्कड़ नाटक तथा अपनी गतिविधियों व कार्यों के विषय में अवगत कराया। इनके माध्यम से लोगों को नीति आयोग के निर्धारित बिन्दुओं पर प्रकाश डाला।

पीआईबी नियुक्ति

भारतीय सूचना सेवा के वरिष्ठ अधिकारी धीरेंद्र ओझा को पत्र सूचना कार्यालय - पी.आई.बी. का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। श्री ओझा शेफाली शरण का स्थान लेंगे, जिन्हें प्रकाशन विभाग का महानिदेशक नियुक्त किया गया है।

प्रधानमंत्री ओलंपिक दल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओलंपिक के लिए पेरिस जाने वाले भारतीय खिलाडियों के दल के साथ बातचीत की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि वे आश्वस्त हैं कि एथलीट अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करके भारत को गौरवान्वित करेंगे। उन्होंने कहा कि खिलाडियों की जीवन यात्रा और सफलता एक सौ 40 करोड भारतीयों में आशा जगाती है। पेरिस ओलिम्पिक में भारत के 28 सदस्यीय एथलेटिक्स दल का नेतृत्व ओलिम्पिक चैंपियन नीरज चोपड़ा करेंगे।

मौसम

प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से बारिश का दौर जारी है। 7-8 जुलाई से बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव होगा। इस वजह से प्रदेश में कहीं हल्की तो कहीं भारी बारिश हो सकती है। इससे पहले मौसम विभाग ने आज भी बारिश का अलर्ट जारी किया है। रीवा, नीमच, श्योपुरकलां, भिंड, शिवपुरी, रायसेन, सतना समेत 13 जिलों में भारी बारिश की संभावना है। इसके साथ ही राजधानी भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन समेत प्रदेश के अन्य जिलों में भी पानी

गिरेगा। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह बताया कि अगले 24 घंटे में कई जिलों में 5 से 8 सेंटीमीटर तक बारिश हो सकती है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में...

1. केंद्रीय राज्यमंत्री महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर धार जिले की गंधवानी व सरदारपुर विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर हैं।
2. केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शिवपुरी जिले के पिछोर विधानसभा क्षेत्र में एक आमसभा को संबोधित किया । केंद्रीय मंत्री बनने के बाद श्री सिंधिया पहली बार पिछोर पहुंचे थे।
3. आगरमालवा पुलिस विभाग द्वारा जागरूकता अभियान के साथ ही लगभग 500 गोवंश के गले में रेडियम के पट्टे पहनाने का अभियान शुरू किया गया है।
4. सतना जिले के चित्रकूट में आज हरियाली अमावस्या पर भीड़ उमड़ी है. श्रद्धालुओं के लिए प्रशासन ने बेहतर व्यवस्थाएं की हैं।
5. भोपाल की 20 तंग बस्तियों में कल स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में 2 हजार से ज्यादा हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।